हृदयांसिक स्वच्छाग्रहियो के दिल की गहराइयों से विंध्य के लौह पुरुष ( श्रीमान राजेंद्र शुक्ला ) को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दी गई हार्दिक शुभाकमाने एवं बधाईयां मध्य प्रदेश स्वच्छाग्रही महासंघ के द्वारा राजेंद्र शुक्ला को दी गई हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं स्वच्छाग्रही संघ के प्रत्येक पदाधिकारी एवं रीवा एवं मऊगंज जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियुक्त स्वच्छाग्रही के चेहरे पर आई खुशी राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर रीवा मऊगंज हनुमान देवतालाब नईगढ़ी एवं त्योंथर,जवा,सिरमौर, गगेव के स्वछग्रहियों के चेहरे पर छाई खुशी ।विंध्य के स्वच्छाग्रहियो पर तो उस दिन ही खुशी छा गई थी जिस दिन त्योथर से सिद्धार्थ तिवारी राज एवं रीवा से राजेंद्र शुक्ला , मऊगंज से प्रदीप पटेल की जीत हासिल हुई है उसके बाद अब एक और खुशी का दौर आया है जब हमारे विंध्य के धरती पर जन्में राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री



का दर्जा दिया गया है यह हमारे विंध्य के जनता को एक खुशी का मौका मिला है एवं इसी खुशी में स्वच्छाग्रही संघ के 26000 स्वच्छाग्रहियों के द्वारा राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई जय स्वच्छता जय स्वच्छता जय भाजपा विजय भाजपा स्वच्छता ही सेवा है सेवा परमो धर्म महासंघ स्वच्छाग्रही महासंघ के रीवा जिला अध्यक्ष पारस मिश्रा एवं मऊगंज के जिला अध्यक्ष कृष्णबहोर मिश्रा, हनुमान के जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी , मऊगंज के जिला सचिव अजय कुमार तिवारी , सुधा शुक्ला , सुधा तिवारी , शशिकला शुक्ला , पार्वती तिवारी , मनोज तिवारी , मदनलाल कुशवाहा , अवनीश पटेल , सूरज पटेल , संदीप त्रिपाठी , धीरज पाठक , राजकुमार नामदेव , रामनारायण कुशवाहा , अमरीश मिश्रा , यसपाल पटेल , संजय पाल शिवदास गुप्ता , नरेंद्र तिवारी , सतेंद्र तिवारी , अन्य स्वच्छाग्रही साथी त्योंथर से अमर मिश्रा , पारस मिश्रा , सज्जन दुबे , आलोक मिश्रा , ममता सहू , पुष्पा माझी , धरमपाल , प्रदीप सिंह एवं हनुमना और त्योथर के अन्य हृदयांशिक स्वछाग्रही के द्वारा राजेंद्र शुक्ला को दी गई हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# धूमधाम से निकाली गई श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श


फर्रुखाबाद - उत्तर प्रदेश फर्रुखाबाद में नगर में आज धूमधाम से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यात्रा निकाली गई श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तत्वाधान में अभियान समिति द्वारा अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जेएनवी रोड से हुआ कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पहुंची जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह विजय अवस्थी विभाग संपर्क प्रमुख उमेश गुप्ता विभाग सह बौद्धिक प्रमुख रामजी जिला प्रचारक प्रवीण भाई प्रमुख रुप से शामिल हुए कार्यक्रम में जिला टोली और नगर टोली तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और समाज के चिंतक बंधुओ ने बढ़ चढ़कर अक्षत कलश यात्रा में अपनी भागीदारी निभाई जेएनवी रोड विद्यालय में सभी बंधुओ के साथ बैठक में अभियान समिति की घोषणा हुई अभियान समिति



का प्रमुख डॉक्टर सुबोध वर्मा को बनाया गया उन्हीं के मार्गदर्शन में अक्षत कलश यात्रा का कार्यक्रम और हर परिवार में हर घर में अक्षत पहुंचे ऐसी रूपरेखा अगले कार्यक्रमों में तय की जाएगी ऐसा विभाग कारवा द्वारा सबको मार्गदर्शन किया गया यात्रा के कार्यक्रम में करीब 50 जगहों पर पुष्प वर्षा कलश पूजन और श्रीराम जी के स्वरूप का भव्य स्वागत किया गया श्रीराम के नारों के बीच और भजन कीर्तन करते हुए सभी राम भक्तों का समूह आकर्षक दिख रहा था

यात्रा में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी का एहसास कर बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया जिसमें संस्कार भारती के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पांडे अनिल प्रताप सिंह अवधेश पांडे अविनाश पांडे अतुल दीक्षित प्रिंस चौहान शिवानी गौतम आकांक्षा सक्सेना दीपका राजपूत हिना दुबे तमाम बहनों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई

# नगर पालिका की लापरवाही की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा नहीं हो रही है नालों की साफ सफाई



क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद - उत्तर प्रदेश फर्रुखाबाद में बजरिया चौकी थाना मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद क्षेत्र के निकट तकिया नसरत शाह में मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन की ओर से ये नाला आया है यहां से गुजरा हुआ

भीकमपुरा मऊ दरवाजा गल्ला मंडी के आगे तक गया है पर यहां पर लगभग चार माह बीत गए है नाले में इतना कूड़ा फस गया है जो की जानवर इसके ऊपर चलते हैं हम सभी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की ओर से कोई सुनवाई नहीं होती है कई बार शिकायत भी की पर कोई नगर पालिका द्वारा कार्य नहीं किया गया नगर पालिका का कोई कर्मचारी भी नहीं सफाई करने यहां पर आता है बेपनाह घर में मच्छर है गंदगी के अंबार लगे हुए हैं अगर यह नाले मे सफाई नहीं होती है तो हम लोग नगर पालिका जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# युवती की अश्लील फोटो वायरल करने वाले शोहदे गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद -उत्तर प्रदेश फर्रुखाबाद में युवती का अश्लील फोटो वायरल करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है थाना मऊदरवाजा क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला बाग रुस्तम निवासी निवासी आमिर पुत्र इकबाल व उसके दोस्त समीर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है

पीड़ित ने आरोप लगाया कि आमिर कई माह से मेरी पुत्री को अश्लील फोटो बनाकर भेजता था एवं सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा था जिससे मेरी विवाहित पुत्री का वैवाहिक सम्बन्ध खराब हो गया मेरे परिवार की सामाजिक छवि धूमिल हुई बीते दिनों मेरे पुत्र की शादी थी आमिर ने अपने साथी समीर को शादी समारोह




में भेजकर मेरी पुत्री व पुत्रवधु का वीडियो व फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किये जब मैने विरोध किया तो आमिर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मैसेज वायरल करने में प्रयोग किए गए मोबाइल फोन को बरामद कर लिया है आमिर हुसैन ने पूछे जाने पर पुलिस को बताया कि मैं इन्टाग्राम चलाता हूँ और लड़कि मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी समीर पुत्र सदीर ने बताया कि मैं इन्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर लड़कियों की स्टाकिंग कर उनको मैसेज करता था मैने आमिर के कहने पर वीडियो व मैसेज वायरल कर दिये थे। मुझे नही पता था कि पुलिस हम लोगो को पकड लेगी गलती हो गयी माफ कर दो अब मै इन्टरनेट पर सोशल मीडिया के जरिये या मोबाइल फोन के जरिये किसी को भी परेशान नही करूंगा

# मऊरानीपुर होटल साईं पैलेस में टीम 4812 की बैठक एस के वर्मा विकास अधिकारी के सानिध्य में संपन्न हुई



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

मऊरानीपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक मनोज कुमार ने नया उत्पाद जीवन उत्सव के बारे में विशेष चर्चा की तथा क्लब मेंबर अभिकर्ताओं का तथा अन्य अभिकर्ताओं का उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।बैठक में संगठन के अभिकर्ता उपस्थित रहे।सभी का आभार एस के वर्मा विकास अधिकारी ने व्यक्त किया।इस मौके पर बृजेंद्र दुबे,राजकुमार कुशवाहा, ओमप्रकाश,आदित्य राय,अवधेश शिवहरे,आसाराम कुशवाहा, मलखान कुशवाहा,उत्तम लगिया, ज्ञानचंद कुशवाहा,गिरीश कुमार, अरुण कुमार चौधरी,बृजेश प्रजापति,लखन लाल कुशवाहा, हरदेवसिंह,रामदेवी,प्रेमवती,हेमंत, ठाकुरदास,लक्ष्मी प्रसाद,सरमन तिवारी अभिकर्ता उपस्थित रहे।

# दो व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर मारपीट का मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर लिया

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

मऊरानीपुर ग्राम भकौरा में दो व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर देने का मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर लिया।जानकारी के अनुसार ग्राम भकौरा निवासी दीन दयाल पुत्र गुल्लू ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि




मेरा पुत्र घर के बाहर खड़ा था तभी गांव के ही पवन अंकित पुत्रगण कैलाश,सोहन कुशवाहा पुत्र कल्लू,राजेंद्र प्रजापति पुत्र जालम आए मेरे पुत्र के साथ गाली गलौज करने लगे मेरे पुत्र ने जब गाली गलौज करने से मना किया तो उक्त आरोपी उसे लाठी डंडों से पीटने लगे जब मेरा भाई उसे बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।कोतवाली पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 323,352,504,506 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा भुगतना पड़ रहा है ग्रामीणों को,225.94 लाख से बन रहे पुलिया ठप आवागमन हो रहा है प्रभावित

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर-ओड़गी- ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए शासन पुल पुलिया निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। ग्रामीण अंचलों में बारिश के दौरान आवाजाही में होने वाली परेशानी से लोगों को बचाने के लिए के लिए ग्राम पंचायत लांजित में वर्ष 2022-23 में बंदौरा नाला पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पुल निर्माण को स्वीकृति मिले 1 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है और अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। ओड़गी ब्लॉक में कराए जा रहे अधिकांश निर्माण कार्य ठेकेदार व निर्माण एजेंसी की उदासीनता के चलते समय पर पूर्ण नहीं हो पाते। आधे अधूरे निर्माण कार्य से लोगो की मुसीबतें और बढ़ जाती हैं और शासन का पैसा और समय दोनो बर्बाद होता है।

गणुवत्ताहीन कार्य के साथ ही समय पर कार्य पूरा न होने के बाद भी संबंधितों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती। ठेकेदारों की विभागीय अधिकारियों से गठजोड़ के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। जानकारी के के लिए आपको बता दें कि यहां 5 गांव आते हैं और जनसंख्या की बात की जाएं तो लगभग दो हजार के आस पास हैं जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर और ब्लॉक मुख्यालय ओडगी से महज 15 किलोमीटर दूर लांजित-पुतकी मार्ग में बंदौरा नाला पर करोड़ों की लागत से पुल का निर्माण धीमी गति से किया जा रहा है। ठेकेदार की लापरवाही से आज भी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण स्थल पर आमलोगों की जानकारी के लिए बोर्ड लगाया गया है। समय बीत जाने के बाद भी पुल निर्माण कार्य अधर में लटका है। बताया जा रहा है कि पुल का निर्माण पिछले 6 माह से बंद पड़ा है। अधूरे पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा उन्हे भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुल का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। सेतु विभाग के अधिकारी ने कहा है कि अभी ड्राइंग नहीं आ पाई है जैसे ही पुल का ड्राइंग आ जाती है निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा,

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने अधिकारियों को दिये गये दिशा-निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम की उपस्थिति में आज समय सीमा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और जिन नागरिकों को इस योजना का लाभ नहीं मिला है उन्हें योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए यात्रा का रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

उन्होंने कार्यक्रम में विभागों की भूमिका, जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबिलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा डेटा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, एडीएम श्री नरेन्द्र पैकरा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे

# पुलिस चौकी रानीपुर क्षेत्र में मिला अज्ञात युवक का शव

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार रानीपुर में गैस गोदाम के पास एक अज्ञात युवक का शव राहगीरों ने पड़ा देखा जिसकी सूचना एक सौ बारह नंबर पुलिस ब रानीपुर चौकी पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की तो पता नही चला।पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा भर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर भेज दिया।

# ढाई माह पहले हुई चोरी का खुलासा किया कोतवाली पुलिस ने

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




मऊरानीपुर ढाई माह पूर्व रानीपुर में हुई एक मकान की चोरी का मामला पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया।कोतवाली प्रभारी जे पी पाल ने बताया कि 28 सितंबर को रात्रि में मौहल्ला नई बस्ती रानीपुर में विजय कंचन पुत्र दीप चंद्र के घर में घुसकर अज्ञात चोरों द्वारा दो मोबाइल पंचानवे हजार रुपए व जेवलरी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी।जिस पर कोतवाली पुलिस चोरी का पता लगाने व जांच में जुट गई।ग्यारह दिसंबर की रात्रि पुलिस द्वारा रेलवे अंडर पास रानीपुर के पास हाइवे की ओर से लुहरगांव निवासी अरुण कुशवाहा पुत्र पूरन को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी ने बताया कि उसने देवरी सिंहपुरा निवासी प्रकाश श्रीवास पुत्र राम प्रसाद के साथ चोरी की थी।कोतवाली पुलिस ने आरोपी के पास से पचासी सौ रुपए नगद एक मोबाइल बरामद कर उक्त आरोपी को धारा 457/380 के तहत जेल भेज दिया तथा फरार आरोपी की तलास जारी है।उक्त चोर को पकड़ने में रानीपुर चौकी इंचार्ज शिवजीत सिंह,कांस्टेबिल अंशु सिंह,पवन कुमार,अंशू यादव आदि शामिल रहे।

# टांगी से मारकर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को थाना चंदौरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- ग्राम पकनी निवासी जानकी सिंह ने थाना चंदौरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10.12.23 को इसके चाचा घर आकर बताया कि दीदी बिगनी को जीजा लक्ष्मण प्रसाद जानलेवा हमला कर सिर में टांगी से मार दिया है। दोनों साथ में वहां पहुंचे तो देखे कि बिगनी जमीन में गिरी पड़ी है जिसे उपचार के लिए सीएचसी प्रतापपुर ले जाने पर डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण प्रसाद के विरूद्ध अपराध क्रमांक 112/23 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला ने प्रकरण की बारीकी से विवेचना कर साक्ष्य संकलन करने व आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना चंदौरा पुलिस ने विवेचना के दौरान दबिश देकर आरोपी लक्ष्मण प्रसाद पिता रामलखन उम्र 30 वर्ष ग्राम पहाड़करवां, चौकी रेवटी, हालमुकाम पकनी, थाना चंदौरा को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि नशे का आदि था पैसा मांगने व घर का धान निकालने से मना करने पर पत्नी को टांगी से मारकर हत्या कर दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदौरा नीलिमा तिर्की, एएसआई राम सिंह, प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह, भागवत दयाल पैंकरा, आरक्षक मिथलेश गुप्ता, भुनेश्वर प्रसाद व अमृत लाल सक्रिय रहे।

# कैरियर गाइडेंस एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर हुआ व्याख्यान,अपने व्यक्तित्व के आधार पर कैरियर का करें चुनाव

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के आई.क्यू.ए.सी. एवं कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में ''कैरियर गाइडेंस एवं व्यक्तित्व विकास'' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। श्री अमित सिंह बनाफर ने छात्रों को राज्य प्रशासनिक सेवा एवं अखिल भारतीय सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा प्रणाली के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से पूर्व पहले आप अपने आपको मानसिक रूप से तैयार कर ले तथा अनवरत प्रयास करते रहे। सहायक प्राध्यापक श्री भारत लाल कंवर ने बैंकिंग, रेलवे एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में सामान्य जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य रूप से चार प्रकार की परीक्षाएं होती हैं। यू.पी.एस.सी, एस.एस.सी., आई.बी.पी.एस तथा प्रतिभागी को पहले यह निर्धारित करना चाहिए कि वह किसकी तैयारी करना चाहता है। व्याख्याता श्री जफिर एवं सुश्री नौलू सिंह ने छात्रों को पी.ए.एस.सी के सी सेट पेपर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आई.क्यू.ए.सी प्रभारी श्री अजय कुमार तिवारी ने छात्रों को नेट एवं सेट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय परीक्षा की जानकारी दी और छात्रों को अपने लिए एक निश्चित लक्ष्य बनाने तथा लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने को कहा। उन्होंने कहा कि कई दिशा में भटकने से हमारी ऊर्जा क्षीण हो जाती है तथा किसी एक पर हम केंद्रित नहीं हो पाते। इस तरह हमें सफलता नहीं मिलती। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने सभी छात्रों को उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा उन्होंने यह आश्वासन दिया कि इस महाविद्यालय से निकलने के बाद भी यहां के छात्र महाविद्यालय के प्राध्यापकों से मार्गदर्शन ले सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रेमलता एक्का, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, सुश्री स्वाति यादव, कार्यालयीन कर्मचारी श्री वीरेंद्र सिन्हा, श्री ताराचंद साहू, श्री अशोक राजवाडे, श्रीमती सुनीता गुप्ता, श्री दिनेश तथा श्री हेमंत के साथ 131 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# निषाद पार्टी के विकटपाल कश्यप बने मारहरा ब्लॉक अध्यक्ष तो गौरव कश्यप ब्लॉक अध्यक्ष निधौलीकलां हुऐ नामित

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा- निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप ने जनपद के ब्लॉक मारहरा व ब्लॉक निधौलीकलां क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओ एवं प्रबुद्धजनों की बैठकों का आयोजन करते हुऐ मिरहची निवासी विकटपाल सिहं कश्यप को ब्लॉक मारहरा का अध्यक्ष नामित किया है तो वहीं पिलुआ निवासी गौरव कश्यप को ब्लॉक अध्यक्ष निधौलीकलां घौषित किया है ! ब्लॉक मारहरा में निषाद पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा कश्यप सहित निषाद पार्टी युवा मोर्चा का ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिहं कश्यप व आई.टी. सेल का ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कश्यप को मनोनीत किया है ! इसी श्रखंला में ब्लॉक निधौलीकलां पर निषाद पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती देवकी कश्यप व युवा मोर्चा का ब्लॉक अध्यक्ष लोकेन्द्र कश्यप तथा आई.टी. सेल का ब्लॉक अध्यक्ष डा. कुलदीप कुमार कश्यप का नामित किया है !

उक्त अवसर पर गुलजारीलाल कश्यप , जगदीश चन्द्र , धर्मेन्द्र, भूरेलाल , श्रीकिशन , संतोष कश्यप , मंगल सिहं कश्यप ,रामपाल कश्यप , सुभाष चन्द कश्यप , उमाशंकर कश्यप , आचार्य विजय कश्यप , बॉबी कश्यप , विषेश राजपूत , सत्यप्रकाश ,मुकेश , चन्द्रपाल सिहं , अरविन्द सिहं यादव , हेतराम , कौशल , किशन , संदीप,महेश,सत्यपाल , राजेन्द्र ,जगगीश , सोनू , कोमिल सिहं ,अमर सिहं , नाथूराम शाक्य ,कन्धेलाल शाक्य आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# मऊरानीपुर नगर के चौमुखी माता मंदिर में राम जानकी विवाहोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ मनाया जाएगा



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

मऊरानीपुर चौमुखी माता मंदिर पर इसको लेकर लगुन लिखाई का कार्यक्रम किया गया। मंदिर के पुजारी व आयोजक पंडित धर्मेश तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विवाह पंचमी के अवसर पर राम जानकी विवाह का आयोजन होगा। मांगलिक कार्यक्रमो के क्रम में 15 दिसम्बर 2023 को मंडप और मेहंदी की रस्म पूरी होगी। 16 दिसंबर 2023 को मायनो पर रामजानकी की मेंहदी रस्म होगी। तथा 17 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे से विशाल शोभायात्रा बारात नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी। शाम को विवाह कार्यक्रम द्वारचार परिक्रमा के उपरांत खाटूश्यामजी भजन संध्या का आयोजन होगा। मांगलिक कार्यक्रमों के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मांगलिक कार्यक्रम कन्या पक्ष जानकी जी में अनिल कुमार ताम्रकार, धर्मेन्द्र कुमार ताम्रकार, अंकित ताम्रकार, अर्पित ताम्रकार, अनिल कुमार पाठक, नीरज सोनी, हर्ष नायक, सोनू तिवारी, सुमित नायक, सुजीत नायक वहीं वर पक्ष रामजी में धर्मेश तिवारी, नितेश तिवारी, अरविंद अरजरिया, शुभम बैद्य, धर्मेन्द्र कुशवाहा, पूरन अग्रवाल, कुलदीप, महेश, अखिलेश सेठ, सौरभ आदि शामिल हैं।

# सूकरक्षेत्र सोरो जी जनपद कासगंज में होने वाली सदभाव पंचकोशी परिक्रमा सूकर को लेकर विचार विमर्श किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- विश्व हिन्दू परिषद के भारतीय गोवंश रक्षण संवर्द्धन परिषद के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन कैंप कार्यालय शान्ती नगर एटा पर शाम 6 बजे किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की।बैठक में सूकरक्षेत्र सोरो जी जनपद कासगंज में होने वाली सदभाव पंचकोशी परिक्रमा सूकर को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहाँ कि भगवान श्री विष्णु के तृतीय अवतार श्री वराह जी की निर्वाणस्थली,पौराणिक पावन आदितीर्थ सौरो जी सूकर क्षेत्र भगवान श्री वराह जी की पुण्यस्मृति में आयोजित होने वाली पौराणिक एंव प्राचीन पंचकोशी परिक्रमा 23दिसम्बर 2023 दिन शनिवार को प्रारंभ होगी। श्रीचौहान ने कहाँ कि यह परिक्रमा पौराणिक है भगवती पृथ्वी ने शिवम इसी स्थान पर हिरण्याक्ष की कैद से मुक्त होने के पश्चात भगवान श्री वराह जी की परिक्रमा की थी तभी से भगवान श्री वराह जी ने स्वयं यह कहा था कि मोक्षदा एकादशी को इस क्षेत्र मैं जो भी परिक्रमा लगाएगा उसे सभी प्रकार के पापों,कष्टों, निर्धनता और रोगो से ही मुक्ति नहीं होगा बल्कि उसे संतान संपदा और लोक सम्मान भी प्राप्त होगा। श्री चौहान ने कहाँ कि मेरी संपूर्ण हिन्दू समाज से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंचकोसी परिक्रमा में पहुंचे तथा भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। बैठक में,अशोक सिसौदिया, ललित कुमार, प्रवीण कुमार, किशोरशर्मा, अभयप्रिय, श्यामवीर सिंह चौहान, समता वर्मा, ललित कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वार्डों में स्वच्छता क्लीनलीनेस ड्राइव का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल










सूरजपुर- नगर पालिका परिषद द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाते हुए सभी वार्डों में स्वच्छता क्लीनलीनेस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रंगमंच मैदान, अग्रसेन चौक , बड़ा तालाब आदि जगहों पर स्वच्छता का महा अभियान चलाया गया। इसके लिए नगर पालिका के कर्मचारी, मिशन क्लीन सिटी की महिलाओं एवं वार्ड वासियों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया।

# एटा में ड्रोन कैमरे की मदद से अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- प्रमुख सचिव, आबकारी एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज उप आबकारी आयुक्त,अलीगढ़ प्रभार कुलदीप मिश्रा के निर्देशन में एवं सहायक आबकारी आयुक्त, प्रवर्तन, अलीगढ़ प्रभार सुदर्शन सिंह के नेतृत्व में,प्रवर्तन इकाइयों, जनपद एटा की आबकारी टीम एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा थाना जैथरा क्षेत्रान्तर्गत,ड्रोन कैमरों की सहायता से,ग्राम कस्तूरपुरा व लालपुर काली नदी के किनारे जंगलों में तथा शास्त्री नगर कंजड़ बस्ती जैथरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 35 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग दर्ज किये गये। दबिश टीम में उक्त के अतिरिक्त विनय कुमार सिंह,आबकारी निरीक्षक, प्रवर्तन-3, विपिन कुमार मैनवाल,आबकारी निरीक्षक,प्रवर्तन-3 एवं योगेश कुमार,आबकारी निरीक्षक, प्रवर्तन-2 व अखिलेश कुमार सिंह आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1,जनपद एटा मय स्टाफ तथा स्थानीय पुलिस सम्मिलित रहे।

# पुलिस अधीक्षक एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- परेड के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं। साथ ही पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता व आधुनिक वैपन सिखलाई तथा बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास। अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक दक्षता व आधुनिक वैपन सिखलाई तथा बलवा ड्रिल का अभ्यास करा समस्त पुलिस कर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार, वर्दी स्टोर, चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, पुलिस कैंटीन, भोजनालय, बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# 13 दिसंबर को सुविधा प्रशिक्षण व 29 दिसंबर को निर्वाचन व्यय लेखा समाधान की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- प्रत्येक अभ्यर्थी दाखिल निर्वाचन व्यय लेख पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की नियम 78 एवं निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 के नियम 89 के अधीन संवीक्षा रिपोर्ट तैयार करने हेतु 13 दिसंबर को एक दिवसीय फैसिलिटेशन प्रशिक्षण ( सुबह 11:00 बजे ) व 29 दिसंबर को लेखा समाधान ( सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक ) बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया जाना है। जिसमें व्यय प्रेक्षक, जिला व्यय अनुवीक्षण समिति, सहायक व्यय प्रेक्षक, व्यय लेखा दल के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा संबंधित समस्त बिल, वाउचर, बैंक पासबुक, बैंक स्टेटमेंट एवं संबंधित दस्तावेजो सहित वर्णित तिथियों पर सभी संबंधित को उपस्थित होना है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# किसान महापंचायत से प्रशासन में हड़कंप




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- किसान महापंचायत से प्रशासन में हड़कंप कचहरी को छावनी में बदला आक्रोषित किसानों को प्रशासन ने स्थानीय समस्याओं का 15 दिन में समाधान कराने का आश्वासन दिया किसानों ने 10 जनवरी को कासगंज रेलवे स्टेशन से पैदल मार्च कर एटा कलेक्ट्रेट का घेराव करने की घोषणा की अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर भ्रष्टाचार अत्याचार अन्याय शोषण के खिलाफ किसान महापंचायत का आयोजन किया गया उक्त महापंचायत में जनपद एटा सहित फिरोजाबाद मैनपुरी फर्रुखाबाद कासगंज हाथरस अलीगढ़ बुलंदशहर के साथियों ने प्रतिभाग किया उक्त महापंचायत में उपस्थित हजारों किसानों ने पूरे जोश के साथ हुंकार भरते हुए कहा कि जब तक किसानों की लंबित समस्याओं के समाधान नहीं हो जाता तब धरना स्थल पर डटे रहने की घोषणा की उक्त महापंचायत में तमाम वक्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए बताया

कि भारत सरकार ने अब तक न तो एटा रेल लाइन का विस्तार किया, एटा से दिल्ली को सटल रेल तत्काल चलाई जाए, एम0 एस0 पी0 गारंटी कानून को भी सरकार नहीं बना रही है, किसान आयोग का गठन नहीं हो रहा है, खाद बीज पानी बिजली आदि जन समस्याओं का भी समाधान नहीं किया जा रहा है, भ्रष्टाचार चरम पर है बिना रिश्वत के तहसील और थानों सहित ब्लॉक में आम आदमी किसान मजदूर की विभिन्न विभागों के द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है उक्त महापंचायत में लोगों ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने के पश्चात भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है अगर अतिशीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी उक्त महापंचायत के अंत में शासन प्रशासन की तरफ से उपजिलाधिकारी वेद प्रिया आर्य एवं तहसीलदार सदर किसानों के बीच उपस्थित होकर आक्रोशित किसानों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोषित किसान किसी भी हाल में मानने को तैयार नहीं थे तत्पश्चात जिलाधिकारी एटा से वार्ता कर 15 दिन के अंदर स्थानीय समस्याओं का धरातल पर समाधान कराने का आश्वासन दिया तत्पश्चात किसानों ने तय किया कि उक्त नियत समय में किसानों की समस्याओं का धरातल पर समाधान नहीं किया गया तो कासगंज रेलवे स्टेशन से एटा कलेक्ट्रेट के लिए पैदल मार्च किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में किसान नौजवान मजदूर महिलाएं उपस्थित रहेंगे उक्त पैदल मार्च के माध्यम से शासन प्रशासन की आंख - कान खोलने का काम किया जाएगा उक्त पैदल मार्च के अंत में कचहरी एटा का घेराव किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ~- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा - सुरेंद्र शास्त्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील प्रधान, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार सिंह - ठाकुर अनिल सोलंकी, युवा राष्ट्रीय महासचिव दिनेश चंद्र, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन यादव, प्रमुख प्रदेश महासचिव विशेष यादव, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह - अरविंद शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शीतलपुर - यशवीर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता विनीत वसंत, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप अहीर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी युवा मोर्चा डॉक्टर दीपक सोलंकी, प्रदेश सचिव हाकिम सिंह वर्मा प्रधान - बबलू नागर, मंडल अध्यक्ष थान सिंह लोधी, मंडल उपाध्यक्ष यदुवीर सिंह, संरक्षक बाबूराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष कानपुर हुकुम सिंह यादव, युवर जिला प्रभारी दुर्गेश कुमार, जिला अध्यक्ष पिंकी भैया, युवा जिलाध्यक्ष सचिन कुमार, जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद अमरपाल सिंह, जिलाध्यक्ष कासगंज आशीष गांधी, जिलाध्यक्ष अलीगढ़ रामखिलाड़ी सविता, जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद डॉक्टर प्रेम शंकर सक्सेना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद सुनीता देवी शाक्य, जिला उपाध्यक्ष मनदीप यादव - रवि चौधरी सूरजपाल ठेकेदार, दिनेश पाल सिंह, हाकिम सिंह, रामवीर सिंह, ठाकुर अखंड प्रताप सिंह, रामनिवास वर्मा, सुनिता देवी सविता, लाडो देवी, शकुंतला देवी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवम्बर माह की सीएम डेशबोर्ड रैकिंग में जनपद एटा को मिला तीसरा स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी की गई नवम्बर माह की सीएम डेशबोर्ड रैकिंग में जनपद एटा को मिला तीसरा स्थान जिलाधिकारी के निर्देशन में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से हुई समीक्षा में जनपद एटा शीर्ष पांच में शामिल विकास कार्यक्रमों, राजस्व प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रतिदिन त्रिस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की रणनीति हुई सफल जिलाधिकारी ने जनपद के शीर्ष पांच में शामिल होने एवं प्रदेशभर में तीसरा स्थान मिलने पर जनपद के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को दी बधाई मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से हुई समीक्षा में जनपद एटा शीर्ष पांच में शामिल हुआ है, शासन द्वारा नवम्बर माह की जारी की गई रैकिंग में जनपद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जनपद के शीर्ष पांच में शामिल होने एवं जनपद को प्रदेशभर में तीसरी रैंक प्राप्त होने पर जनपद की पूरी टीम को बधाई देते हुए इसी प्रकार से आगामी समय में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि शीर्ष पांच में शामिल होना जनपद के लिए गौरव की बात है, हम सभी को इस रैकिंग को आगामी समय में भी कायम रखना है। सभी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास में अपना सक्रिय योगदान दें। डीएम ने कहा कि यह रैंकिंग जनपद में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम हैं। इसके लिए सुबह मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यक्रमों की प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से 10 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की जाती है, जिसमें जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, डीपीआरओ, सभी खण्ड विकास अधिकारी,



एडीओ पंचायत, पंचायत सचिव आदि द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। प्रातः प्रतिदिन आयोजित होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में ग्राम निधि, पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा, गौशाला, पैंशन आदि अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाओं की समीक्षा की जाती है। इसके अलावा प्रतिदिन शाम 07 बजे से निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समस्त ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाईजर आदि के साथ एवं शाम 08 बजे से राजस्व विभाग से जुड़े पैमाईश प्रकरण, कोर्ट केस प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य समस्यात्मक प्रकरणों के संबंध में उप जिलाधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि के साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की जाती है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले में तीन प्रकार से हो रही प्रतिदिन समीक्षा के अच्छे परिणाम मिले हैं। इसके साथ ही प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय में नियमित रूप से जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को सुनकर प्रभावी ढंग से शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को निस्तारण के संबंध में अवगत कराते हुए उसे संतुष्ट करने का पुरूजोर प्रयास किए जा रहे हैं। डीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से सी0एम0 डैशबोर्ड का उपयोग विभिन्न विभागों में सेवाओं, योजनाओं एवं परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों का अनुश्रवण सर्वोच्च स्तर से किया जा रहा है। सरकार की समस्त परियोजनाओं में विभिन्न स्तर के कार्यों के मूल्यांकन हेतु एक इण्टीग्रेटेड पोर्टल के रूप में सी0एम0 डैशबोर्ड की स्थापना की गयी है, इसके माध्यम से डाटा आधारित गुणवत्तापूर्ण अनुश्रवण प्रणाली का विकास किया गया है। इसके तहत सभी विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में सूचना समय से अपने विभागीय पोर्टल पर फीड कराई जाती है। तदोपरान्त यह सूचना स्वतः सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होगी।

# रामनाम के धागे में पिरोया जा रहा पूरा देश, अलग-अलग राज्यों से लाई गई चीजों का हुआ चयन

अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के मंदिर के लिए राज्यों की प्रचलित और सर्वश्रेष्ठ सामग्रियों का मंदिर निर्माण के लिए चयन किया गया है। इसके जरिए पूरे देश को रामनाम के धागे में पिरोया जा रहा है। राममंदिर निर्माण में देश के कई राज्यों का किसी न किसी रूप में योगदान है। इसके लिए राज्यों की प्रचलित और सर्वश्रेष्ठ ऐसी सामग्रियों का चयन किया गया जो मंदिर की दृष्टि से उपयोगी हों। इसी आधार पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट दावा करता है कि रामनाम के धागे में पूरा देश पिरोया जा रहा है। निर्माणाधीन राममंदिर में संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व हैश्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय कहते हैं कि मंदिर के लिए अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग सामग्रियां लाई गईं हैं। राममंदिर निर्माण में विभिन्न



राज्यों के इंजीनियर और मजदूर काम कर रहे हैं। मंदिर के आर्किटेक्ट गुजरात के सीबी सोमपुरा हैं तो चित्रकार व मूर्तिकार महाराष्ट्र, ओडिशा व कर्नाटक के हैं। दरवाजों की लकड़ी महाराष्ट्र से है, पत्थर राजस्थान से लाए गए हैं। नींव निर्माण में हैदराबाद व तेलंगाना के ग्रेनाइट का प्रयोग किया गया। यहां के श्रमिक भी मंदिर निर्माण में लगे हैं। देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियर व वैज्ञानिक भी अपना योगदान दे रहे हैं। इनमें आईआईटी चेन्नई, दिल्ली, कानपुर, मुंबई और एमआईटी सूरत, गुजरात व सीबीआरआई रूड़की व सीबीआरआई हैदराबाद शामिल है। यही नहीं पूरे भारत के पवित्र स्थानों से मिट्टी लाई गई है ओर उसे पूजित कर मंदिर की बुनियाद में डाला भी गया है। राममंदिर के स्तंभों पर मूर्ति निर्माण के लिए दिल्ली के मूर्ति विशेषज्ञों की भी मदद ली गई है।

## देशभर के रामभक्तों ने किया निधि समर्पण

राममंदिर निर्माण के लिए राममंदिर ट्रस्ट की ओर से 2021 में 42 दिनों का निधि समर्पण अभियान चलाया गया था। इस अभियान में पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण चारों दिशाओं से भक्तों ने निधि समर्पण किया था। 10, 100 व एक हजार के कूपन के जरिए ट्रस्ट ने हर वर्ग के रामभक्तों से निधि समर्पण लिया था। इस अभियान में करीब 3,500 करोड़ का निधि समर्पण राममंदिर ट्रस्ट को मिला था। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का कहना है कि सारे देश को दो साल बाद पता चलेगा कि इस मंदिर में संपूर्ण भारत के सभी राज्यों का किसी ने किसी प्रकार से योगदान रहा है, दो साल बाद पता चलने का तात्पर्य 2025 से है जब श्री राममंदिर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा।

# Parineeti Chopra started preparations for Christmas celebration, showed a special glimpse by sharing photos

Kiara Advani Christmas 2023 The festival of Christmas will be celebrated with great enthusiasm all over the world on 25th December. Glimpses of this festival are already visible in Bollywood. After Kiara Advani, now Parineeti Chopra has also shown fans a glimpse of her Christmas tree. The actress is going to celebrate Christmas for the first time after marriage.



Now only a few days are left for the last festival of this year, Christmas. Its celebration has already started in Bollywood. After Soni Razdan, Kiara Advani, now actress Parineeti Chopra has also shared a glimpse of her first Christmas tree after marriage with fans. Parineeti Chopra is going to celebrate every festival as a couple for the first time after marriage with husband Raghav Chadha. The actress has now shared many of its pictures on her Instagram story. Parineeti Chopra's first Christmas after marriage. Parineeti Chopra on Monday shared a glimpse of her first Christmas celebration with fans on the story of her social media platform Instagram. She is going to celebrate Christmas with Raghav Chadha after marriage. In these videos and photos, she showed fans a beautiful glimpse of the Christmas tree decorated with baubles, rat hearts and lights. Not only this, the actress also showed Santa Claus' house with artificial snow. The actress got married in September. Let us tell you that actress Parineeti Chopra and AAP leader Raghav Chadha had a royal wedding on September 24 this year at Leela Palace in Udaipur, Rajasthan. The destination wedding of the couple was attended by family and friends along with many stalwarts including Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal, Punjab Chief Minister Bhagwant Mann, cricketer Harbhajan. Parineeti Chopra's work front - Talking about Parineeti Chopra's work front, the actress Recently, she was seen in 'Mission Raniganj' with Akshay Kumar. This film was made on the life of Jaswant Singh Gill. However, the film did not perform well at the box office and flopped. After this, Parineeti Chopra will soon be seen in Imtiaz Ali's musical drama film 'Chamkila'. The fans of the actress are eagerly waiting for this movie.

# 'Barbie' and 'Oppenheimer' were famous, see who is included in this list here

Golden Globes 2024 Nominations Like every year, this time too the Golden Globe Awards 2024 have been announced. This biggest award in the world of film and TV is going to be organized in January. The list of nominations has come out today i.e. on 11th December. This time Barbie and Oppenheimer have created a stir. The nominations for the prestigious Golden Globe Awards were announced across the world on Monday evening. This time the nominations were dominated by the films 'Barbie', 'Oppenheimer and Killers of the Flower



Moon, which have won the most. Received nominations in more categories. Barbie has been nominated in a total of 9 categories, Oppenheimer in 8 and Killers of the Flower Moon in 7 categories. 'Barbie' got nomination in these categories - Greta Gerwig's Barbie and Christopher Nolan's Oppenheimer dominated the nominations in the comedy and drama categories at the 81st Golden Globe Awards. Three songs from the film received nominations in the Best Song Motion Picture category. Ryan Gosling received a nomination for Best Supporting Actor. So Greta Gerwig got a nomination in the Best Director category. The film has also been nominated in the categories of Best Picture (Musical/Comedy) and Best Screenplay. 'Barbie' had made many records - Let us tell you, Margot and Ryan's film 'Barbie', released on July 21, is included in the superhit films of this year. Barbie proved to be the biggest film made under the direction of Greta. On the other hand, it has also become the highest grossing film of a female director till date. 'Barbie' also holds the record of earning the most in 17 days in 2023. Full list of nominations - Movie - Best Picture - Drama Oppenheimer Killers of the Flower Moon Past Lives Maestro Anatomy of a Fall Zone of Interest Best Picture - Musical or Comedy Barbie Poor Things Show Over American Fiction May December Air Best Actor - Drama Cillian Murphy, Oppenheimer Bradley Cooper, Maestro Leonardo DiCaprio, Killers of the Flower Moon Colman Domingo, Rustin Andrew Scott, All of Strangers Barry Keoghan, Saltburn Best Actress – Drama Lily Gladstone, Killers of the Flower Moon Carey Mulligan, Maestro Sandra Huller, Anatomy of a Fall Annette Bening, Nyad Greta Lee, Past Lives Kelly Spaeny, Priscilla Best Actor - Musical or Comedy Paul Giamatti, The Holdovers Jeffrey Wright, American Fiction Timothée Chalamet, Wonka Matt Damon, Air Nicolas Cage, Dream Scenario Joaquin Phoenix, Beau Is Afraid Best Actress - Musical or Comedy Emma Stone, Poor Things Margot Robbie, Barbie Fantasia Barrino, The Color Purple Natalie Portman, May December Jennifer Lawrence, No Hard Feelings Alma Poysti, Fallen Lives Best Supporting Actor Ryan Gosling, Barbie Robert Downey Jr., Oppenheimer Charles Melton, May December Mark Ruffalo, Poor Things Willem Dafoe, Poor Things Robert De Niro, Killers of the Flower Moon Best Supporting Actress Da'Vine Joy Randolph, The Holdovers Danielle Brooks, The Color Purple Emily Blunt, Oppenheimer Jodie Foster, Nyad Julianne Moore, May December Rosamund Pike, Saltburn Awards function will be organized on this day This year's Golden Globes nominations include 27 award categories from the film and TV world. 2 new categories have been included in it. One is cinematic and box office achievement and the other is best standup comedian on television. The awards ceremony will be organized on January 7.

# Announcement of the third season of TVF's series Immature, will stream on Prime Video from this date

Immature Season 3 Release Date TVF has produced many series on student life. From school, college to preparations for competitive exams have been covered in these series. Immature is a series showing school life whose characters are some teenage students. The third season of the series has been announced. The series is directed by Anant Singh. OTT platform Amazon Prime Video on Monday released the comedy-drama web series Immature. show has also been revealed. The last two immature web series were liked a lot by was launched on MX Player on 20 on Prime Video on 26 August 2022. This the third season shows the story of four Kabir and Susu as they all face the academics. Let's face it. The growing rift will put them to a tough test. When and season of Immature will be released on immature series produced by The Viral Ananth Singh. Talking about the cast of Chandranshu and Naman Jain are in Video's docu-series on the challenges of on this day. The writer and director of always have a unique appeal among the that exemplifies that experience. This many trials, as they have to face the




trailer of the third season of its upcoming Along with this, the release date of this web seasons of the school and friendship story the audience. The first season of this series February 2019. The second season arrived will be the story of the series - The trailer of friends of class 11th namely Dhruv, Chhavi, challenges of their friendship, love life and in their friendship due to some old matters where can you watch the show? The third Prime Video from December 15, 2023. The Fever (TVF) is written and directed by the show, Omkar Kulkarni, Chinmay lead roles. Also read: First Act- Prime child actors in Hindi films, will be released the series, Anant Singh said - Teenage stories audience and immature There is a series season we see our characters go through reality that their school days will soon be left behind them. Ananth further adds that Omkar, Chinmay and Naman will be seen in their characters. It has been a pleasure to watch them grow and develop as actors, as evidenced by their performances this season. I am very happy with the love given to this series by the audience.